दुबई एक्सपो में राज्य प्रतिनिधिमंडल ने किये 24 एमओयू और 17 एलओआई पर हस्ताक्षर

drishtiias.com/hindi/printpdf/state-delegation-signs-24-mous-and-17-lois-at-dubai-expo

चर्चा में क्यों?

15 नवंबर, 2021 को राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने लॉजिस्टिक, सिरेमिक, स्टोन, रियल एस्टेट, पेट्रोलियम, एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग, ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग, मेडिकल, इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी और पर्यटन क्षेत्रों से संबंधित 37 हज़ार 828 करोड़ रुपए के 24 एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) और 17 एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) किये हैं।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतिनिधिमंडल में नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल, उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा और उद्योग राज्य मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया के अतिरिक्त फेडरेशन ऑफ राजस्थान एक्सपोर्टर्स के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव, रीको ईडी रूक्मणि रियार के साथ ही राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं।
- उद्योग मंत्री ने बताया कि राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं को देखते हुए निवेशकों के अनुरुप नीतियाँ बनाई गई हैं। रिप्स-2019 और एमएसएमई नीतियों से बहुत अधिक निवेश आकर्षित हो रहा है।
- वन स्टॉप शॉप के माध्यम से उद्योग से जुड़ी सभी अनुमतियाँ एक ही जगह मिलने से निवेशक राज्य पर भरोसा जता रहे हैं। दुबई एक्सपो में अब तक 37 हज़ार 800 करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू और एलओआई पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।
- उल्लेखनीय है कि दुबई एक्सपो में स्थित इंडियन पैवेलियन में राजस्थान पैवेलियन का उद्घाटन किया गया है। यहां 18 नवंबर तक राज्य प्रतिनिधिमंडल द्वारा निवेशकों को राज्य की निवेश संभावनाओं से अवगत कराया जा रहा है। प्रवासी राजस्थानियों के साथ ही एक्सपो में आए विभिन्न देशों के निवेशकों को 'इन्वेस्ट राजस्थान' के लिये आंमत्रित किया जा रहा है।